जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-26 जयपुर, सोमवार, 10 जुलाई, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट - लॉन्चिंग के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किए वीडियो

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आमजन को उनका वास्तविक लाभ मिलना सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरुआत की थी। कॉन्टेस्ट के पहले दिन ही प्रदेश की जनता ने भारी उत्साह दिखाते हुए JansammanJaiRajasthan का प्रयोग करते हुए अपने दो सोशल मीडिया हैंडल पर राज्य की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी से संबंधित वीडियो अपलोड किए।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा महंगाई से राहत देने के लिए संचालित 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे, इसके लिए जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरूआत की है। इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से जहां महंगाई राहत अभियान में आमजन की सहभागिता निरन्तर बनाये रखने में सहायता मिलेगी वहीं लोगों को सरकार की अन्य जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी।

प्रदेश में संचालित महंगाई राहत कैम्पों में अब तक प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 80 लाख परिवारों ने पंजीकरण करवाया है। इस वीडियो कॉन्टेस्ट के माध्यम से शेष रहे करीब 15 लाख परिवारों को जोड़ने का काम हो सकेगा।

**राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित बना सकते हैं वीडियो**




आमजन महंगाई राहत कैम्प में शामिल 10 योजनाओं के साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से सम्बन्धित वीडियो बना सकते हैं। साथ ही, वीडियो बनाने के लिए एक से अधिक योजनाओं का चुनाव भी किया जा सकता है। इसके लिए प्रतिदिन प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन 1000 रुपये के 100 प्रेरणा पुरस्कार भी दिये जाएंगे।

**कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिये पात्रता –** प्रतिभागी जनआधार में पंजीकृत हो। प्रतिभागी का स्वयं का बैंक खाता हो तथा वह जनआधार में पंजीकृत हो (स्वयं का खाता नहीं होने पर जनआधार से लिंक अन्य बैंक खाते हेतु सहमति) 7 प्रतिभागी कॉन्टेस्ट के लिये अपलोड किये जाने वाले वीडियो अथवा उसके किसी भी भाग को राज्य सरकार द्वारा अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व अन्य समुचित उपयोग किये जाने पर सहमत हो। यह प्रतियोगिता 6 अगस्त, 2023 तक चलेगी।

### ऐसे ले सकते हैं कॉन्टेस्ट में भाग

आमजन महंगाई राहत कैंप में संचालित 10 जन कल्याणकारी योजनाओं या राज्य सरकार की अन्य किसी भी जन हितकारी योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनसे सम्बन्धित 30 से 120 सैकण्ड का वीडियो बनाकर #JanSammanJaiRajasthan हैश टैग के साथ कम से कम दो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड करें एवं उन वीडियोज का लिंक वेबसाइट Jansamman.rajasthan.gov.in पर शेयर करें।

**कॉन्टेस्ट में ये वीडियोज हो सकेंगे शामिल –**

महंगाई राहत कैम्पों से संबंधित कोई सफलता की कहानी। महंगाई राहत कैम्पों में शामिल 10 योजनाएं एवं राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित वीडियो। योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं इनसे लाभार्थी के जीवन में आये सकारात्मक प्रभाव या परिवर्तन। वीडियो किसी व्यक्ति, जाति और समुदाय की भावना एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को ठेस पहुंचाने वाला तथा अश्लील प्रकृति का नहीं होना चाहिए। वीडियो में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी और तथ्य प्रामाणिक होने चाहिए। वीडियो ओरिजिनल होना चाहिए, कहीं से कॉपी किया हुआ नहीं होना चाहिए।

### यह होगी चयन की प्रक्रिया

प्रतिदिन वीडियोज की स्क्रीनिंग के लिये एक स्क्रीनिंग पैनल बनाया गया है। अपलोड होने वाले वीडियोज की स्क्रीनिंग इस पैनल के द्वारा की जाकर चयनित श्रेष्ठ वीडियोज को द्वितीय स्तरीय चयन समिति (राज्य स्तरीय चयन समिति) को अग्रेषित किया जाएगा। राज्य स्तरीय समिति अग्रेषित वीडियोज में से विजेताओं का चयन करेगी। राज्य स्तरीय समिति हरिदेव जोशी पत्रकारिता यूनिवर्सिटी के स्तर पर पारदर्शी एवम् स्वतंत्र विशेषज्ञों की सदस्यता में गठित की गई है। वेबसाइट Jansamman.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन परिणाम घोषित किया जाएगा। प्रत्येक दिन की प्रतियोगिता का परिणाम दो दिन बाद जारी किया जाएगा। यथा- 7 जुलाई का परिणाम 10 जुलाई को जारी होगा। परिणाम प्रकाशित होने के दिन ही विजेताओं के बैंक खातों में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि हस्तांतरित की जायेगी।

## फ़िल्म अभिनेता सोनू सूद ने किया प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. पीयूष शाह को सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के डायरेक्टर और फ़ाउंडर डॉक्टर पीयूष शाह और कविता पंजवानी को उनके अच्छे कार्यों के लिए फ़िल्म अभिनेता और समाज सेवक सोनू सूद ने सम्मानित किया । सोनू सूद द्वारा प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन को बेस्ट एन जी ओ से सम्मानित किया गया । यह आयोजन दीक्षा गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया। सोनू सूद ने प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें आगे आने वाले सामाजिक कार्यों में अपनी शुभकामनाएं दी है।



## पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के सानिध्य में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**चौमूं (हमारा वतन)।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष पर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल राधा स्वामी बाग चौमूं में राधास्वामीबाग आश्रम के महाराज रामकुमार पेड़ीवाल, स्वामी प्रसाद, गुरु प्रसाद, स्नेहिल पेडीवाल, सपना, कल्पा, प्राची एवं स्नेहा पेडीवाल के परिवार द्वारा उत्कृष्ट परिणाम वाले बच्चों को राधास्वामी सम्मान समारोह करके पुरस्कृत किया गया । चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि बच्चों को गुरुओं का आदर करना चाहिए तथा उनके मार्गदर्शन पर चलने का संदेश दिया । इस दौरान बोर्ड परीक्षा 2023 में कक्षा 12,10,8 तथा 5 के सभी प्रथम श्रेणी प्राप्त बच्चो को शील्ड तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे सभी बच्चो के लिए भोज का आयोजन भी किया गया । प्रधानाचार्य ममता थरेजा ने विद्यालय में इंडोर स्टेडियम तथा विज्ञान संकाय खोलने की महत्ती आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित किया। इसको देखते हुए उन्होंने इस ओर विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया । प्रधानाचार्य ममता थरेजा ने महाराज जी का विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करने के लिए आभार प्रकट किया।



## कुंए मे गिरी बिल्ली को गौ रक्षकों ने बचाया

**जयपुर (हमारा वतन)।** देर रात पंजाबी होटल के पास गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत को उपसरपंच प्रमोद शर्मा द्वारा फोन पर सूचना मिली कि एक बिल्ली पिछले दो दिन से कुँए मै गिरी हुई है । सूचना पर मौके पर पहुंचे गौ रक्षकों ने करीब 20 फुट गहरे कुंए से गौ रक्षक रेखाराम बंजारा और समुन्द्रसिंह ने कुंए में उतरकर सीढ़ी व रस्सी की सहायता से एक घंटे कि मशकत बाद कुंए से बिल्ली को जीवित बाहर निकाला । गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह ने बताया की खुले कुंए जानलेवा साबित हो रहे है फिर भी प्रशासन को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद इन्हें ढकवाने की बजाय अभी ओर हादसे होने का इंतजार कर रहा है । इस दौरान मौके पर पटवारी सहायक कालूराम कुमावत, गौ रक्षक केशव सोती, संतोष बागवान, कपिल कुमावत, रामचंद्र बंजारा सहित कई लोग मौजूद रहे ।






लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# ऑक्सीजन दी आइकॉनिक ट्रूथ हिंदी फिल्म ने प्रीमियर शो में बटोरीं तालियाँ

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर के नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब में पूजा फ़िल्म्स कोटपूतली के बैनर तले निर्मित आज बहुप्रतीक्षित हिन्दी फिल्म ऑक्सीजन दी आइकॉनिक ट्रूथ का विशेष प्रीमियर शो आयोजित किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया । फिल्म के हीरो बादल ने स्वयं सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया । प्रीमियर शो के मुख्य अतिथि पीपलदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम नारायण मीणा रहे । मुख्य अतिथि मीणा ने कहा कि आदिवासी मीना जनजाति के गौरवशाली इतिहास की ऐतिहासिक यादों को इस फिल्म में एक लाजवाब प्रेम कहानी के जरिए दिखाया गया है । यह फिल्म स्टार कास्ट और सिनेमा जगत के लिए सचमुच



ऑक्सीजन का काम करेगी । इस अवसर पर अम्बेडकराईड पार्टी ऑफ इंडिया के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दशरथ सिंह भी मौजूद रहे । फिल्म की भव्यता और लाजवाब कहानी पर आधारित फिल्म को देखने के बाद सभी दर्शकों ने फिल्म को सुपर हिट फिल्म बताते हुए फिल्म के लेखक, अभिनेता, गीतकार व निर्देशक बादल झरवाल की दिल से तारीफ की और कहा कि आज फिल्म के हीरो बादल का जन्मदिन भी था। बादल ने सभी सिने प्रेमियों को यह लाजवाब तोहफा दिया है,जो



कभी भुलाया नहीं जा सकता है । एक महिला दर्शक ने कहा कि पहली बार किसी ने मीणा जनजाति के इतिहास को फिल्म में स्थान दिया है ।

फिल्म के सभी गाने कर्ण प्रिय हैं । नवोदित अभिनेत्री निष्ठा डागुर और बादल झरवाल ने शानदार अभिनय से फिल्म में जान दाल दी है । दर्शकों को एक बार फिल्म जरूर देखनी चाहिए । प्रीमियर शो में निष्ठा डागुर, हितेश धींगरा, राखी शुक्ला, पूरण मल पारीक (जवान भाई),राम शंकर भारद्वाज, सुभाष सेठ, रामचंद्र मीणा, विवान , मोहन शर्मा, निशा सेठ, सत्यनारायण टेलर, रणजीत वर्मा, उमेश पंत सहित फिल्म की स्टार कास्ट मौजूद रही । गौरतलब है कि इससे पहले बादल झरवाल ने तावीज फिल्म के दो पार्ट बनाकर रिलीज़ कर दिए हैं । ऑक्सीजन दी आइकॉनिक ट्रूथ के 4 पार्ट दर्शकों को देखने को मिलेंगे ।

# महंत गंगादास जी महाराज की छठी पुण्यतिथि पर राम नाम संकीर्तन, संत सम्मेलन और पुष्पांजलि का हुआ कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रातः स्मरणीय साकेत वासी श्री श्री 1008 श्री महंत गंगादास जी महाराज की छठी पुण्यतिथि का आयोजन वीर हनुमान धाम सामोद में किया गया । सिद्ध पीठ श्री वीर हनुमान धाम सामोद के महंत श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य अवध बिहारी देवाचार्य महाराज ने बताया कि आज श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया को महंत गंगादास जी महाराज की छठी पुण्यतिथि पर राम नाम संकीर्तन, संत सम्मेलन और पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस दौरान सभी संत महात्माओं का स्वागत सम्मान कर अंत में प्रसादी ग्रहण की । इस अवसर पर हाथोज धाम महंत बालमुकुंद आचार्य, त्रिवेणी धाम से राम रिछपाल दास महाराज, हरिदास महाराज,



हरिदास महाराज, राघवाचार्य महाराज रेवासा धाम, हीरा पुरी महाराज डूंगरी धाम, सागर पुरी महाराज मोरीजा, परशुराम पुरी महाराज उदयपुरिया, छितरदास महाराज, कालिदास महाराज नायन, प्रेम दास महाराज सामोद खेड़ापति धाम, चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल , पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव, शालिग्राम आचार्य, कैलाश नाथावत, रविंद्र शर्मा, हनुमान सहाय नाथावत,डॉ. जेपी सैनी,सोहनलाल बर्रा , गुलाराम राम यादव, प्रवीण कुमार शर्मा आदि गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की ।



# ब्राह्मण समाज ने विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज के द्वारा जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी एवं पदाधिकारियों ने विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष मंजू शर्मा एवं समाजसेवी राजेंद्र शर्मा का चौमूं पधारने पर माला, साफा, चुनरी एवं भगवान परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आगामी समाज के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई।

इस दौरान युवा नेता श्याम शर्मा, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री पं रामस्वरूप शर्मा, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, राम बिहारी शर्मा, नारायण लाल शर्मा, बनवारी लाल भातरा, मनोज कुमार शर्मा, मुकेश लाटा आदि समाज बंधु उपस्थित रहे ।

# पंडित रविन्द्राचार्य का गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों ने पूजन कर लिया आशीर्वाद

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने माता पिता के चरण स्पर्श कर, माला पहनाकर, नारियल और फल देकर माता पिता का आशीर्वाद लिया । पंडित रविन्द्राचार्य ने कहा कि सर्वप्रथम माता-पिता ही गुरु है ।फिर गुरुजी योगीराज जी को शाल ओढ़ाकर ,माला पहनाकर, नारियल मिठाई देकर आशीर्वाद लिया । इधर जयपुर तारा ज्योतिष साधना केंद्र कार्यालय में बड़ी धूमधाम से भक्तों ने गुरु पूर्णिमा मनाई । सभी ने पंडित रविन्द्राचार्य को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर , नारियल देकर आशीर्वाद लिया । अंत में सभी ने पंगत प्रसादी ग्रहण की । इस दौरान श्याम प्रेमी



गोपाल भाई, पंडित हरिओम शर्मा, पृथ्वी सिंह राठौड़, जाहोता सरपंच श्याम सिंह राठौड़ , रोनक शर्मा, राजेश जांगिड़, राजकरण कुमावत, आकाश, मुकेश सैनी, किरण, पूनम पारीक, नेहा सोनी ,नेहा सैनी, दीपक कुमावत, सुमित बंसल ,अनिल व्यास ,ऋषि पारीक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



# नृत्य गुरु उषा श्री के सानिध्य में कथक कला केंद्र सोडाला में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जयपुर (हमारा वतन)।** कथक कला केंद्र सोडाला में वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्य गुरु उषा श्री के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा का महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । उषा श्री ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिष्यों ने पूजा अर्चना और सम्मान किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ ।

गत 35 वर्षों से इस संस्थान में निरंतर गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाता रहा है । इस दौरान वार्निका, जाह्न्वी, रितु दुबे, मुस्कान, मानवी, हरीश शर्मा ,अशोक परमार ,राज, कोकिला परमार, पायल, हेमलता ,सरिता ,जूही कुमारी, राखी आदि लोग मौजूद रहे ।

# नवीन हींग ग्रामोद्योग की हींग ने जयपुर में मचाई धूम

**जयपुर (हमारा वतन)।** माचाड़ी चौक राजगढ़ अलवर राजस्थान स्थित नवीन हींग ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित हीरा हींग और तूफानी हींग ने राजधानी जयपुर में धूम मचा दी है । निदेशक सत्य प्रकाश साहू ने बताया कि नवीन ग्रामोद्योग की हींग अब जयपुर में खादी ग्रामोद्योग भंडार, न्यू सांगानेर रोड, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के नीचे उपलब्ध है । बहुत ही कम समय में हमारे हींग के उत्पादों ने गृहणियों के दिल में जगह बनाई है । हमारे यहां पर हींग और हींग से संबंधित सभी उत्पाद हमेशा तैयार मिलते हैं । अधिक जानकारी के लिए इन नम्बरों पर संपर्क करें - 9783378092, 9414922921.




## नाम परिवर्तन

मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम मुकेश कुमार सैनी पुत्र श्रवण लाल सैनी निवासी दुलाई कोठी, भोजलावा, मोरीजा है । जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मुकेश सैनी पुत्र श्रवण लाल सैनी है । मैं मुकेश कुमार सैनी पुत्र श्रवण लाल सैनी के स्थान पर मुकेश सैनी पुत्र श्रवण लाल सैनी नाम करवा रहा हूं ।

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस/आरटीएस, पद संख्या 905, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023
2. आईबीपीएस, पद क्लर्क, पद संख्या 4045, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2023
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 1913, अंतिम तिथि 25 जुलाई 2023
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम, स्टाफ नर्स जीएनएम, पद संख्या 3646, अंतिम तिथि 8 अगस्त 2023
5. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद जूनियर अकाउंटेंट, पद संख्या 5388, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2023
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जूनियर लीगल ऑफीसर, पद संख्या 140, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2023
7. राजस्थान स्वायत शासन विभाग, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 13184, अंतिम तिथि 19 जुलाई 2023
8. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद एमटीएस / हवलदार, पद संख्या 1558, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2023


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार
जन सम्मान
वीडियो
कांटेस्ट
वीडियो बनाओ
इनाम पाओ
रोज़
प्रथम पुरस्कार
₹1 लाख
प्रतिदिन
द्वितीय पुरस्कार
₹50 हजार
प्रतिदिन
तृतीय पुरस्कार
₹25 हजार
प्रतिदिन
₹1000 के 100 प्रेरणा पुरस्कार भी घोषित किये जाएंगे
प्रतिदिन
आपने राजस्थान सरकार की "जन सम्मान योजनाओं" को समझा है। अब मौका है आप इसका वीडियो बनाकर योजनाओं के लाभ की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचाकर जनकल्याण के कार्य में भागीदार बनें।
- अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान
आयोजना विभाग, राजस्थान
अधिक जानकारी के लिए लॉग इन करें
jansamman.rajasthan.gov.in

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# क्या हमारे गणित पढ़ने और पढ़ाने का ढंग गलत है?

हाल ही में अलग-अलग बोर्ड के रिजल्ट घोषित हुवे हैं, गणित विषय में छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बाकी विषयों के मुकाबले अच्छा नहीं रहा है, जबकि गणित विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करना आसान होता है। छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन से गणित अध्यापक और अध्यापिकाओं की चिंता को समझा जा सकता है। साल भर छात्र-छात्राओं के साथ मेहनत करने के बाबजूद रिजल्ट आशानुरूप न होना भी चिंताजनक है। आखिर गणित के प्रदर्शन स्तर को कैसे सुधारा जाए और इसे कैसे पढ़ा जाए, इस पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। गणित जो कि एक रोमांचक विषय है, उसका डर आज भी बच्चों में ही नहीं अपितु उनके अभिभावकों में भी है। बच्चे के गणित की परीक्षा के पहले माँ-बाप को ज्यादा घबराहट में भी देखा गया है। जिस से भी मिलिए उनमें से आधे लोग गणित से डरे मिलते हैं। आखिर टेक्नोलॉजी और आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में गणित से यह डर क्यों होगा। जो भी बच्चे अच्छा कर रहे हैं वे भी ज्यादा समय गणित पढ़ने में ही लगाते हैं। या फिर ट्यूशन भी गणित, विज्ञान का ही पढ़ते हैं। हजारों-लाखों रुपया गणित विज्ञान के ट्यूशन में अभिभावक खर्च करते हैं। आखिर ऐसी स्थिति क्यों है? हजारों सालों से मौखिक गणित, मेंटल गणना, फलित ज्योतिष और नुमेरसी में माहिर भारत भूमि की वर्तमान पीढ़ी की ऐसी स्थिति क्यों है? क्या हमारे गणित पढ़ने और पढ़ाने का ढंग गलत है? क्या गणित पढ़ना और पढ़ाना केवल परीक्षा पास करना हो गया है? क्या हम रटने का सिद्धांत अपना रहे हैं? इन्ही विषयो पर इस लेख में अध्ययन करेंगे। अपने स्कूल के एलुमनाई निखिल मेहरा से मिला। निखिल एक अच्छे इंटरप्रेन्योर हैं और अच्छी फैक्ट्री चलाते हैं। वह बोले गणित में उनका डिब्बा हमेशा गोल ही रहा, लेकिन यदि उनकी बिटिया 70-80 प्रतिशत भी ले आए तो अच्छी उपलब्धि होगी। हालाँकि उनकी बिटिया नाइजा गणित में कक्षा 10 में 98 अंक लाई , जबकि मेहरा का गणित के प्रति नजरिया नकारात्मक था। और वह नाइजा की क्षमता का कम आकलन कर रहे थे। एक अच्छा व्यवसायी होने के बाबजूद वह गणित से आज भी डर रहे थे, लेकिन गणित की महत्ता को समझ रहे थे। यही हाल कानपुर के एक्सपोर्टर अंकित अग्रवाल का भी था। अपने दोनों बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ाने के बावजूद वह यही बोलते थे कि उनके अंक, गणित में उनके बच्चों द्वारा प्राप्त अंकों के आधे भी नहीं होते थे। मैंने उनसे यही कहा कि बच्चों के सामने वह गणित में अपनी उपलब्धि के बारे में नकारात्मक शब्द न कहें, इससे बच्चों की सोच गणित सीखने में बदल सकती है। इसी का प्रतिफल रहा कि वंशी और वैभव ने गणित में अच्छा किया और वैभव ने गणित में ही मास्टर डिग्री की उपाधि ली। कहने का मतलब यह है कि हमें बच्चों के सामने गणित के प्रति अच्छा दृष्टिकोण रखना होगा। गणित को अछूत नहीं बल्कि अति आवश्यक कारक मानते हुए गणित का सही महिमामंडन करना होगा।


राम गोपाल सैनी

# टीना सोलंकी बनी महिला जागृति मंच की जिलाध्यक्ष

**पाली (हमारा वतन)।** पाली निवासी टीना सोलंकी को सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला जागृति मंच का जिलाध्यक्ष बनाया गया है । मिश्री लाल सोलंकी ने महिला जिलाध्यक्ष बनाते हुए शीघ्र ही कार्यकारिणी गठित करने को कहा है ।



टीना सोलंकी ने बताया कि वह संगठन में सभी वर्ग की महिलाओं को शामिल करते हुए महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के कार्य को प्राथमिकता देंगी । समाज में बालिका शिक्षा के साथ और भी कई सामाजिक नवाचार करने के लिए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे । समय-समय पर महिलाओं को मेहंदी, सिलाई आदि के प्रशिक्षण दिलाए जाएंगे ।

## बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

# सभी पात्र व्यक्तियों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें




जयपुर(नि.सं.)। शिक्षा मंत्री एवं अलवर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला की अध्यक्षता में अलवर जिले के मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों व बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। प्रभारी मंत्री डॉ. कल्ला ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जिले में शत-प्रतिशत चिरंजीवी योजना के कवरेज जिला प्रशासन के सहयोग से करावें, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए और जिले के सरकारी चिकित्सालयों में उपकरणों एवं दवाओं की पुख्ता व्यवस्था रखें। साथ ही 'शुद्ध के लिए युद्ध अभियान' के तहत जिले में विशेष अभियान चलाकर मिलावटखोरी के विरूद्ध कार्रवाई कर लगाम लगाएं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में चिकित्सकों एवं स्टाफ के खाली पदों की सूची तैयार कर जिला कलक्टर को उपलब्ध कराए तथा जिन स्थानों पर पद खाली है वहां पर अस्थाई कार्मिकों की व्यवस्था की जाये। उन्होंने डीएसओ को निर्देश दिये कि एक महीने में प्रक्रियाधीन उचित मूल्यों की दुकानों का चयन कार्य पूर्ण करे। अन्नपूर्णा योजना के तहत वितरित किए जाने वाले राशन किट के लिए निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर 25 जुलाई से वितरण कार्य प्रारम्भ करावे।

**राज्य सरकार संवेदनशील व पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही**

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील व पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है अतः सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रतिदिन अपने कार्यालयों में आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा कर नगर परिषद आयुक्त व लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिये कि जिला कलक्टर की अध्यक्षता में बैंकर्स के साथ एक बैठक कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर योजना में प्रगति लाए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये कि जिले की सभी इंदिरा रसोइयों में राज्य सरकार के निर्णय अनुसार ठण्डे पानी हेतु वाटर कूलर, डेजर्ट कूलर एवं टीवी सैट लगाने के कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण करावे।

उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक पौधारोपण कार्य कराए जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि मोबाइल नर्सरियों के माध्यम से दूर दराज के क्षेत्रों में पौधे उपलब्ध कराए जाए। साथ ही इस कार्य हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि सरिस्का से तिजारा में विस्थापित होने वाले परिवारों को विद्युत कनेक्शन जारी करने में देरी नहीं की जाए। अधिकतम 15 दिन में शेष रहे सभी परिवारों के कनेक्शन जारी करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों में आमजन की सक्रिय भागीदारी रहे इस हेतु समन्वित प्रयास करें।

**जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव-**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने चिरंजीवी योजना से वंचित रहे परिवारों को जोडने, मनरेगा योजना में हर गांव में दो-दो काम स्वीकृत करने व शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रारम्भ किए गए कामों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने, विद्युत ट्रांसफार्मर जलने पर प्राथमिकता से शीघ्र बदले जाने के सुझाव दिये।

राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं किशनगढबास विधायक दीपचन्द खैरिया ने सरकारी चिकित्सालयों में खाली चिकित्सकों व स्टाफ के पदों को कार्य व्यवस्था के तहत भरने, वर्षा ऋतु में अधिकाधिक पौधारोपण कराने की बात कही।

अलवर जिला प्रभारी मंत्री ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा कर कहा कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जिले की स्थिति अच्छी है। जिन कार्यों में बी और सी ग्रेड है उन कार्यों को ए ग्रेड में लाने हेतु संबंधित सभी अधिकारी समन्वित प्रयास करे ताकि जिला राज्य में प्रथम पायदान पर आ सके।

बैठक में अलवर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, थानागाजी विधायक कान्ति प्रसाद मीना, अलवर शहर विधायक संजय शर्मा, जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधीगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।




# नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग में अब 20 हजार 546 पदों पर होगी सीधी भर्ती

## नवसृजित 3 हजार 386 पदों की बढ़ोतरी

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2023-24 के क्रम में एक लाख पदों पर होने वाली भर्तियों में से 20 हजार से अधिक पदों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भर्ती की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिवमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि विभाग में अब नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग के 20 हजार 546 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 17 हजार 160 पदों पर की जा रही नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग की भर्ती में 3 हजार 386 पदों की बढ़ोतरी करते हुए अब 20 हजार 546 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन नवसृजित 3386 पदों के लिए सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त हो गयी है।

निदेशक (अराजपत्रित) सुरेश नवल ने बताया कि अब नर्सिंग ऑफिसर के 8 हजार 750, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 4 हजार 847, फार्मासिस्ट के 3 हजार 67, लैब टेक्नीशियन के 2 हजार 190, सहायक रेडियोग्राफर के 1 हजार 178, नेत्र सहायक के 117, डेन्टल टेक्नीशियन के 151 तथा ईसीजी टेक्निशियन के 246 पदों सहित कुल 20 हजार 546 पदों पर भर्ती की जाएगी।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा